Title: Need to release required funds in the current Budget for completion of Sadulpur-Bikaner and Ratangarh-Degana Railway Section in Rajasthan.-Laid.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : * अध्यक्ष महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे के रेवाड़ी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार, रतनगढ-डेगाना रेल लाइन को मीटर गेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तन की मांग वर्षों से की जा रही है। रेवाडी-सादुलपुर व सादुलपुर-हिसार रेल लाइन के गेज परिवर्तन की स्वीकृति भी जारी हो चुकी है, लेकिन पिछले तीन सालों से इसके लिए नाममात्र का बजटीय प्रावधान किया गया है। बीकानेर डिपक्वेंस व व्यापारिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण शहर है। अतः मेरा माननीय रेल मंत्री महोदय से नम्र निवेदन है कि स्वीकृति शुदा भाग के लिए वित्तीय वर्ष में पूरा बजट आबंटित करते हुए शेष भाग सादुलपुर-बीकानेर व रतनगढ़-डेगाना मार्ग की स्वीकृति जारी करने का कष्ट करें।